3R$50P

INDIA

तीन रुपये पचास पैसे

सत्यमेव जयते

THREE RUPEES भारत FIFTY PAISE

341 9/11/04

## पारिवारिक व्यवस्था - पत्र । बंटननामा ।

| | |
|---|---|
| **नाम लेख्यकारी प्रथम पक्ष पति का नाम वो निवास स्थान आदि** | श्रीमती सुनिता देवी, पति श्री संजय कुमार मंडल, जाति - कोईरी, पेशा - गृहिणी, साकिन - जिला स्कूल रोड, दुमका, थाना - दुमका टाउन, सबडी० वो निबंधन कार्यालय - दुमका, जिला दुमका, भारतीय नागरिक । |
| **नाम लेख्यकारी द्वितीय पक्ष पति का नाम वो निवास स्थान आदि** | श्रीमती विष्णु प्रिया, पति प्रनत कुमार पंजियारा, जाति - कोईरी, पेशा - गृहिणी, सकिन - मुड़ाबहाल, सर्कल - कुम्हराबाद, थाना - दुमका मुफ०, सबडी० वो निबंधन कार्यालय - दुमका, जिला - दुमका, भारतीय नागरिक । |

3Rs50P

INDIA

तीन रुपये पचास पैसे

सत्यमेव जयते

THREE RUPEES भारत FIFTY PAISE



लेख्य प्रकार : - पारिवारिक व्यवस्था - पत्र । बंटननामा ।

**तायदाद जरसमण :-** प्रथम पक्ष की तफसील वर्णित सम्पत्ति का अनुमानित कीमत मो0 1,36,000/- रूपये तथा द्वितीय पक्ष की तफसील वर्णित सम्पत्ति का अनुमानित कीमत मो0 1,36,000/- रूपये ।

विदित हो कि लेख्यकारी उभय पक्ष के लोग हिन्दु धर्मावलंबी एक ही परिवार के सदस्य है तथा आपस में भाभी एवं ननद के रिश्ता से संबंधित है। इनलोगों ने मौजा दुमका टाउन नम्बर - 7, थाना दुमका टाउन, जिला दुमका का तौजी नम्बर - 6, वार्ड नम्बर - 16, बसौड़ी का जमाबंदी नम्बर क्रमशः $\frac{32}{4}$/ जी0/ 1 / 1, $\frac{32}{4}$/एफ/1/1 तथा $\frac{32}{4}$ / जे0 / 1 / 1 दाग नम्बर - 434 का अंश रकवा - 0 - 3 - 5 (तीन कट्ठा, पाँच धुर) जमीन को सम्मिलित रूपये से बजरिये बिक्रय पत्र

3RS50P

INDIA

तीन रुपये पचास पैसे

THREE RUPEES भारत FIFTY PAISE

सत्यमेव जयते



संख्या - 1490 दिनांक 18.12.2000 ई0 जिसकी रजिष्ट्री दुमका निबंधन कार्यालय में हुई है के द्वारा क्रय कर तथा अंचल कार्यालय दुमका के नामान्तरण वाद संख - 118/2003 - 04 के द्वारा अपना नाम सम्मिलित रूप से पंजी 2 में दर्ज कराकर खजाना अपने नाम से देते हुए सम्पत्ति का भोग दखल इजमाल रूप से करती आ रही है हमलोग दोनों पक्ष उपरोक्त इजमाल सम्पत्ति पर अपना अपना मकान अलग - अलग बनाना चाहते हैं ताकि आने वाली पीढ़ी को कोई दिक्कत वो असुविधा नहीं हो । इसलिए उभय पक्ष के लोग आज अपनी - अपनी खुशी - राजी, बिना कोई दबाव वो बहकाव किसी अन्य के अपने - अपने स्वस्थ शरीर वो स्वच्छन्द मस्तिष्क की दशा में होकर वो रहकर तथा अपने हित कुटुम्ब वो पंचो से राय परामर्श कर अपनी उपरोक्त वर्णित इजमाल सम्पत्ति का आपस में

3R$50P

INDIA

तीन रुपये पचास पैसे

सत्यमेव जयते

THREE RUPEES भारत FIFTY PAISE



बँटवारा कर निम्नलिखित शर्त्त करते है :-

यह कि उभय पक्ष के लोग अपनी उपरोक्त इजमाल सम्पत्ति का बँटवारा आपस में तफसील ''क'' वो तफसील ''ख'' के अनुसार कर लेते हैं । तफसील ''क'' वर्णित सम्पत्ति हिस्से में लेख्यकारी प्रथम पक्ष को एवं तफसील ''ख'' वर्णित सम्पत्ति हिस्से में लेख्यकारी द्वितीय पक्ष को मिली है । आज की तारीख से दोनो पक्ष के लोग अपनी - अपनी तफसील वर्णित सम्पत्ति के अलग - अलग हकदार, दखलकार वो अधिकारी हुए । कोई एक पक्ष दूसरे पक्ष की तफसील वर्णित सम्पत्ति पर किसी तरह का दावा दाबी नहीं करेंगे, अगर करें तो कुल दावा दाबी नाजायज वो बातिल होगी ।

यह कि इस बँटवारा दस्तावेज को दो प्रति में बनाया गया है । दोनो पक्षो के पास एक - एक प्रति

3Rs50P

INDIA

तीन रुपये पचास पैसे

सत्यमेव जयते

THREE RUPEES भारत FIFTY PAISE



रहेगा।

अब चाहिए कि दोनों पक्ष के लोग अपनी अपनी तफसील वर्णित सम्पत्ति का सरकारी सिरीस्ते में प्रचलित नाम कटवाकर अपना - अपना नाम अलग - अलग दर्ज करा लेवें वो साल ब साल सिरीस्ते में खजाना देकर वसूली का रसीद अपने - अपने नाम से अलग - अलग प्राप्त किया करें वो वारिसानुक्रमेण अपनी - अपनी तफसील वर्णित सम्पत्ति का भोग - दखल, दान - बिक्रय वो हस्तान्तर अपनी इच्छानुसार जो चाहे करें , इसमें भी किसी पक्ष को कोई उजुर आपत्ति नहीं होगी। करने से कुल आपत्ति न्यायालय में अमान्य वो वातिल होगी।

यह सब एकरार कर देकर यह पारिवारिक व्यवस्था पत्र ब हक एक दूसरे पक्षों के तहरीर वो तामिल कर दिया जो समय पर काम आवे।

3R$50P

INDIA

तीन रुपये पचास पैसे

सत्यमेव जयते

THREE RUPEES भारत FIFTY PAISE




तफसील ''क''

तफसील ''क'' वर्णित सम्पत्ति जो हिस्से में लेख्यकारी प्रथम पक्ष श्रीमती सुनिता देवी को मिली है, जिसका अनुमानित कीमत मो0 1,36,000/- (एक लाख छत्तीस हजार ) रूपये है ।

तफसील हक बसौड़ी, अराजी परती, सहन जमीन मय कुल हक वो अधिकार इत्यादि अन्दर मौजा दुमका टाउन नम्बर - 7 थाना दुमका टाउन सबडी0 वो जिला दुमका का तौजी नं0 - 6 बसौड़ी का जमाबंदी नम्बर क्रमशः $\frac{32}{4}$ / जी0/1/1, $\frac{32}{4}$ /एफ0/1/1 एवं $\frac{32}{4}$ /जे0/1/1 नगरपालिका वार्ड नम्बर - 16 जिसका मानचित्र शामिल दस्तावेज में संलग्न है जिसमें प्रथम पक्ष के हिस्से को हरा रंग से दर्शाया गया है । दाग नम्बर, चौहद्दी वो रकवा निम्न प्रकार है ।

3RS50P






| दाग नम्बर | चौहद्दी | किस्म बी.क.धु. |
|---|---|---|
| 434 का अंश । | **उत्तर** - श्रीमति विष्णु प्रिया का अंश जमीन ।<br>**दक्षिण** - श्रीमति कविता पाल ।<br>**पुरब** - मनोज कुमार मंडल ।<br>**पश्चिम** - रास्ता । | इसी चौहद्दी के अन्दर बसौड़ी स्वत्व की परती जमीन मय कुल हक वो अधिकार इत्यादि रकवा मवाजी 00 - 01 - 12½ |

एक कट्ठा, साढ़े बारह धुर मात्र । सलाना खजाना मो० रसीदी ।

## तफसील ''ख''

तफसील ''ख'' वर्णित सम्पत्ति जो हिस्से में लेख्यकारी द्वितीय पक्ष श्रीमती विष्णु प्रिया को मिली है, जिसका अनुमानित कीमत 1,36,000/- (एक लाख छत्तीस हजार) रूपये है । तफसील हक बसौड़ी अराजी परती, सहन जमीन मय कुल हक

3Rs50P

INDIA

तीन रुपये पचास पैसे

सत्यमेव जयते

THREE RUPEES भारत FIFTY PAISE

(8)

वो अधिकार इत्यादि अन्दर मौजा दुमका टाउन नं0 - 7, थाना दुमका टाउन, सबडी0 वो जिला दुमका का तौजी नं0 - 6 बसौड़ी का जमाबंदी नम्बर क्रमशः $\frac{32}{4}$ /जी0/1/1, $\frac{32}{4}$ एफ0/1/1 तथा $\frac{32}{4}$ /जे0/1/1 नगरपालिका वार्ड नम्बर 16 जिसका मानचित्र शामिल दस्तावेज में संलग्न है, जिसमें द्वितीय पक्ष के हिस्से को लाल रंग से दर्शाया गया है। दाग नम्बर, चौहद्दी वो रकवा निम्न प्रकार है :-

| दाग नम्बर | चौहद्दी | किस्म बी.क.धु. |
|---|---|---|
| 434 का अंश। | उत्तर - श्रीमति कृष्णा गांगुली।<br>दक्षिण - श्रीमति सुनीता देवी का अंश जमीन।<br>पुरब - मनोज कुमार मंडल।<br>प्रश्चिम - रास्ता। | इसी चौहद्दी के अन्दर बसौड़ी स्वत्व की परती जमीन मय कुल हक वो अधिकार इत्यादि रकवा मवाजी 00 - 01 - 12½ |

एक कट्ठा, साढ़े बारह धुर मात्र। सलाना खजाना मो0 रसीदी।

3Rs50P

INDIA

तीन रुपये पचास पैसे

सत्यमेव जयते

THREE RUPEES भारत FIFTY PAISE

(9)

इति आज तारीख :- 9.11.2004

लेख्यकारी उभय पक्ष के लोगो ने हमारे

समक्ष अपना - अपना हस्ताक्षर किया।

Pramod Kumar Mandal

अधिवक्ता 9/11/04

दुमका।

Sunita Devi

Sri/Smt Vishnu Priya who is idenfied by P.K. Mandal ...

M. K. SAI 9/11/04

Notary, Dumka

कातिब दस्तावेज :—


सुमेश्वर नायक

दुमका टाउन

9/11/04

मौजा :- दुमका टाउन नम्बर :- 6
थाना :- दुमका नगर
अनुमंडल :- दुमका
स्केल 1" = 25'.0"

भाग - (२५)
६४'.८" x १८'.१"
= ११६२ वर्गफीट
= ०-१-१२½ धूर मात्र




जमीन का विवरण :- बन्दोबस्त नक्शा :- दीग्घाड़ी - प्लॉट नम्बर :- ४३४ अंश

| पक्ष | जमीनदार का नाम पति का नाम | जमाबंदी नम्बर | प्लॉट नम्बर | कुल रकबा | अंश रकबा | किस्म जमीन | चौहद्दी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ५ | 6 | ८ |
| प्रथम पक्ष | श्रीमति सुनीता देवी पति श्री संजय कुमार मण्डल | ३२/४ जी १/१, ३२/४ एफ १/१, ३२/४ जी १/१ | ४३४ | ०.३.५ | ०.१.१२½ | परती जमीन | उ: श्रीमति विष्णु प्रिया द: श्रीमति कविता पाल पु: मनोज कुमार मंडल प: रास्ता |
| द्वितीय पक्ष | श्रीमति विष्णु प्रिया पति श्री पुनीत कुमार पेंजियारा | ३२/४ जी १/१, ३२/४ एफ १/१, ३२/४ जी १/१ | ४३४ | ०.३.५ | ०.१.१२½ | परती जमीन | उ: श्रीमति कृष्ण गांगुली द: श्रीमति सुनीता देवी पु: मनोज कुमार मंडल प: रास्ता |

बनमाली पेंजियारा
५/११/०८

अमीन-बनमाली पेंजियारा न० ६७५
भू-सर्वेक्षण वो-बन्दोबस्त कार्यालय
दुमका
ग्राम • मुड़ावहाल

Manoj Kumar Sah
Notary Public
Reg. No. 132
Dumka (S.P.) Jharkhand

प्रथम पक्ष का हस्ताक्षर
सुनीता देवी

द्वितीय पक्ष का हस्ताक्षर
विष्णु प्रिया